राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने मशहूर सिने अभिनेता श्री मनोज वाजपेयी को 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का नेशनल अवार्ड दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी

पटना, 23 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने मशहूर सिने अभिनेता श्री मनोज वाजपेयी को 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार– 2021' की घोषणा में फिल्म 'भोंसले' में किए गये उनके अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का पुरस्कार दिये जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने स्व॰ सुशांत सिंह राजपूत अभिनीत फिल्म 'छिछोरे' को सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म का 'राष्ट्रीय पुरस्कार' दिए जाने की घोषणा पर भी अपनी खुशी जाहिर की है। राज्यपाल ने कहा है कि एक प्रतिभावान बिहारी युवा फिल्म अभिनेता स्व॰ सुशांत की फिल्म को पुरस्कृत करने के निर्णय से बिहार गौरवान्वित हुआ है। राज्यपाल ने कहा है कि यह स्व॰ सुशांत के पिता एवं परिजनों सहित पूरे बिहार के लिए गर्व के क्षण हैं।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि बिहारवंशी जब 'बिहार दिवस' (22 मार्च) की खुशियाँ मना रहे थे, 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' की घोषणा में दोनों बिहारी फिल्मी प्रतिभाओं को उनके कुशल अभिनय के लिए मिले सम्मान से बिहार का माथा गर्व से और ऊँचा उठ गया।

राज्यपाल ने इस बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेत्री कंगना रनौत सहित पुरस्कार–प्राप्तकर्त्ता अन्य सभी फिल्मी प्रतिभाओं को भी बधाई दी है।

....